# महाराष्ट्र बंद का असर सूरत में, भाजपा कार्यालय पर पथराव







**सूरत (ईएमएस)।** बीते दिन पूणे और मुंबई में मराठा वदलित समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प के चलते आज महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया गया है। जिसका असर अब सूरत में दिखने लगा है। आज सूरत में पथराव और रास्ता रोको घटना के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। महाराष्ट्र बंद के दौरान भड़की हिंसा की आग दक्षणि गुजरात के सूरत तक पहुंच गई है। आज दोपहर के दौरान दलित समाज के लोग सड़कों पर उतर आए और रेल व सड़क यातायात ठप करने का प्रयास शुरू कर दिया। लेकिन पुलिस ने सूझबूझ से कार्यवाही करते हुए यातायात सुनिश्चित किया। इस दौरान दलित समाज के लोगों की भीड़ भाजपा कार्यालय पर पहुंच गई और पथराव शुरू कर दिया। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सड़क पर सरकार विरोधी नारेबाजी और टायर जलाने की घटना से लोगों में अफरातफरी मच गई। हालात बिगड़ते देख बड़ी संख्या में पुलिस बल उतार दिया गया। बड़ी संख्या में दलित समाज के लों ने उधना से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर विरोध जताया। महाराष्ट्र के तंग हालात को देखते हुए सूरत से महाराष्ट्र की ओर जानेवाली 31 जितनी बसों के रूट कैंस कर दिए गए हैं। जिसमें सूरत से मुंबई, पूणे, अकोला, शिरडी, पंढरपुर, औरंगाबाद, धूले, अमलनेर, चोपडा, शिरपुर, मालेगांव, भूसावल और नंदूरबार जैसी अनेक रूटों की बसें रद्द कर दी गई हैं।



# अशांत परिस्थिति को देखते हुए आवेदन का कार्यक्रम स्थगित किया गया

**सूरत पुलिस कमिश्नर श्री ने बैठक कर दलित समाज के द्वारा सूरत बंद और कलेक्टर श्री का रैली का आयोजन पर आवेदन देने का सभी कार्यक्रम स्थगित किया गया है**

**सूरत।** महाराष्ट्र में हुई घटना पर सूरत से दलित संगठन के द्वारा आज के दिन देने वाला आवेदन पत्र को जो मान दरवाजा से लेकर कलेक्टर ऑफिस तक के रैली के रूप में जाने वाले थे इस कार्यक्रम को सामान्य परिस्थितियों को देखते हुए स्थगित किया गया है। दिल्ली की कार्यक्रम को दलित संगठन समता सैनिक दल और अन्य सामाजिक संगठनों ने मिलकर आज तबियत करने का एलान किया है जिसकी जानकारी सूरत पुलिस कमिश्नर के कंट्रोल रूम के तरफ से दिया गया है। रैली की कार्यक्रम को दलित संगठन समता सैनिक दल और अन्य सामाजिक संगठनों ने मिलकर आज स्थगित करने का करने का एलान किया है जिसकी जानकारी सूरत पुलिस कमिश्नर के कंट्रोल रूम के तरफ से दिया गया है।

## पांडेसरा में कीटनाशक पी लेने से अधेड़ की मौत

सूरत। पांडेसरा के रामेश्वरम हिल अपार्टमेंट में रहने वाले एक अधेड़ ने मेडिकल पर से कीटनाशक दवा पी लेने से इलाज के लिए महावीर अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पांडेसरा के डी माट4 समीप रामेश्वरम हलि अपार्टमेंट के ए-301 में रहने वाले जगदीश नटवरलाल पटेल ने गत मंगलवार को मेडकिल स्टोर से कीटनाशक दवा लेकर पी लिए थे। जिनको प्राथमिक इलाज के लिए उमा अस्पताल में ले जाने के बाद गहन इलाज के लिए महावीर अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां पर बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के संदर्भ में पाडेसरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके जांच कर रही है।

**प्रोसर्स युनियन की बैठक 10 को**

# जॉब चार्ज में 10 प्रतिशत बढोतरी की सम्भावना

**संवाददाता.सूरत।** सूर्य पुत्री तापी किनारे बसी सूरत नगरी पूरे देश व विदेश में सिंथेटिक कपड़े व हीरे की चमक बिखेर रही है। लेकिन गत् वर्ष आठ नवम्बर को देश की आर्थिक मुद्रा में सबसे बड़ी मूल्य की एक हजार व पांच सौ रूपये को प्रचलन के बाहर करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया। जिससे सूरत का कपड़ा कारोबार आर्थिक संकट के दौर में पहुंच गया। अभी कपड़ा बाजार नोटबंदी की मार से उबर नहीं पाया था कि केंद्रीय वित्तमंत्री अरूण जेटली ने 30 जून की आधीरात से जीएसटी लागू कर सूरत कपड़ा कारोबार को पूरी तरह से बे पटरी पर ला दिया। जीएसटी के विरोध में कपड़ा कारोबारी फोस्टा और अन्य संगठन के माध्यम से काफी दिनों तक आन्दोलन किया। लेकिन कपड़ा कारोबारियों को जीएसटी से राहत नहीं मिल सकी। सूरत के कपड़ा कारोबारियों को गुजरात विधान सभा चुनाव के बाद जीएसटी सरलीकरण की आशा थी।

लेकिन उनके इस आशाओं पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के बीच टेक्सटाइल व औद्योगिक नीति बनी है। उस नीति की चर्चा सूरत के कपड़ा उद्यमियों में हो रही है। सूरत में कपड़ा कारोबार का यही हाल रहा तो यहां के कपड़ा उद्यमी उत्तर प्रदेश में अपने युनिट बैठाने के लिए सोचेंगे। प्रोसेर्स युनियन आगामी 10 जनवरी को बैठक कर जॉब चार्ज में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लेंगे। कपड़ा कारोबारी इस निर्णय पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। कपड़ा कारोबारियों ने अपनी लड़ाई फोस्टा के मातहत लड़ने के लिए तैयार है।

### आगामी दिनों में जॉब चार्ज बढ़ना तय

प्रोसेर्स युनियन अध्यक्ष जीतू बखारिया ने कहा कि मिल जॉब वर्क के मैटेरियल, कारीगर खर्च सहित अन्य जरूरत की वस्तुओं पर जीएसटी लगने से जॉब वर्क खर्च में बढोतरी हुई है। इसलिए प्रोसेर्स युनियन सर्व सम्मति से दस प्रतिशत जॉब चार्ज बढ़ाने के लिए तैयार है। इसमें फोस्टा की दखल अंदाजी नहीं चलेगी। इससे पहले भी जीएसटी मुद्दे पर फोस्टा व्यापारियों के लिए लड़ाई लड़ रही थी। लेकिन फोस्टा जीएसटी से कपड़ा कारोबारियों को राहत नहीं दिला सकी। अब फोस्टा फिर से कपड़ा कारोबारियों के हित की राग अलापने लगी है।

# 1211 लाभार्थियों ने कराई कैंसर की जांच

**मारवाड़ी युवा मंच की ओर से कैंसर जांच शिविर का समापन**





**संवाददाता, सूरत।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्वर्णिम प्रोजेक्ट के तहत कैंसर डिटेक्शन मोबाइल बस द्वारा खोजो कैंसर, रोको कैंसर के तहत पूरे देश में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों की कैंसर संबंधी जांच की जा रही है। इस मुहिम के तहत मारवाड़ी युवा मंच सूरत इकाई की ओर से सूरत शहर में कैंसर डिटेक्शन बस दूसरी बार पहुंची। गत 29 व 30 दिसम्बर को परवत पाटिया के आई माता रोड स्थित श्रीश्यामा प्रसाद मुखर्जी कम्युनिटी हॉल में नि:शुल्क कैंसर की जांच की गई। बीते दिन सुबह आठ बजे से वीआईपी रोड स्थित श्याममंदिर से कैंसर जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली गई। यह रैली न्यू सिटी लाइट स्थित श्री मेहन्दीपुर बालाजी धाम पहुंच कर सम्पन्न हुई। सिटी लाइट इलाके के श्री महाराजा अग्रसेन भवन के पंचवटी हॉल में दो दिन सोमवार व मंगलवार को नि:शुल्क कैंसर जांच का आयोजन किया गया है। सोमवार व मंगलवार को शाम पांच बजे कैंसर शिविर का समापन हुआ। जिसमें कुल 1211 लोगों ने जांच कराया। जिसमें 322 लोगों ने मेमोग्राफी, 346 लोगों ने पेपेसीमर व अन्य लोग एक्स-रे व ब्लड जांच कराया। समापन के अवसर पर मुख्यअतिथि प्रमोद पोद्दार ने सभी शिविर में आए जरूरतमंदों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर पंकज जालान, राहुल बजाज, अरविंद सोनी, पार्षद सुधा नाहटा, किशोर बिंदल, हिमांशु बंसल, विनय केजरी वाल, मारवाड़ी युवामंच सूरत इकाई अध्यक्ष अजय अग्रवाल, संरक्षक रजीत चौधरी, मीडिया प्रभारी कपिश खाटूवाला सहित काफी तादाद में मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्मार्ट इंडिया हेकाथोन 2018 के लिए तैयारियां तेज

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** गुजरात टेक्नोलोजी यूनिवर्सिटी (जीटीयू) की ओर से स्मार्ट इंडिया हेकाथोन 2018 को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण इस टेक्नोलोजिकल स्पर्धा में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि बढ़ाकर 15 जनवरी तक कर दिया गया है। जीटीयू के वाइस चान्सेलर प्रोफेसर नवीन सेठ ने इस बारे में बताया कि गत वर्ष स्मार्ट इंडिया हेकाथोन के आयोजन में अहम भूमिका निभाई थी। उम्मीद है कि इस साल भी जीटीयू संबद्ध कॉलेजों की टीमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगी। वर्ष 2018 की हेकाथोन दो भागों में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर आयोजित की जाएगी। सॉफ्टवेयर की स्पर्धा 1 घंटे और हार्डवेयर की स्पर्धा 5 दिन की होगी। केवल पांच केन्द्रों में यह स्पर्धा आयोजित की जोगी। जिसमें प्रत्येक केन्द्र में 20 से 25 टीमें भाग लेंगी। इस बार पहली दफा होनेवाली हार्डवेयर स्पर्धा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्सुकता है। प्रधानमंत्री का डिजिटल इंडिया का सपना साकार करने और केन्द्र सरकार के विविध मंत्रालयों की समस्याएं सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर विकसित कर हल की जाएं, इस उद्देश्य से स्मार्ट इंडिया हेकाथोन 2018 का आयोजन किया गया है।

# विरोध के बावजूद पश्चिम रेलवे ने ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित किया



**अहमदाबाद (ईएमएस)।** कतिपय संगठनों द्वारा किये गये आंदोलन के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेन परिचालन में रुकावट पैदा करने एवं आंदोलनकारियों द्वारा रुक-रुक कर विरोध करने के बावजूद 3 जनवरी, 2018 को पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट और दहानू रोड के मध्य यात्रियों की सुविधा के लिए कम-से-कम 5 से 10 मिनट के अंतराल पर अपनी उपनगरीय सेवाओं का परिचालन सुनिश्चित किया तथा मुंबईकरों को उनकी मंज़िलों तक पहुँचाकर सही मायने में 'आमची मुंबई' की जीवन रेखा के रूप में अपने आप को साबित किया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी रविंद्र भाकर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेलवे की मुंबई उपनगरीय सेवाएँ प्रात: लगभग 8.00 बजे से शाम 16.30 बजे तक पालघर, विरार, नालासोपारा, दहिसर, मालाड, गोरेगाँव, अंधेरी, माहिम, दादर और एलफिंस्टन रोड सहित विभिन्न स्टेशनों पर आंदोलनकारियों द्वारा इकट्ठा होने एवं ट्रेन परिचालन को रोकने के कारण बाधित हुईं, तथापि दिन-भर एवं पीक आवर के दौरान 5 से 10 मिनट के अंतराल पर लोकल सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए हरसम्भव प्रयास किये गये। आंदोलन के दौरान रेल पटरियों पर इकट्ठा आंदोलनकारियों को सुरक्षा बलों द्वारा हटाया गया तथा ट्रेन का परिचालन पुन: शुरूकरवाया गया। वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने स्थिति पर लगातार निगाह रखी और स्थिति को सामान्य बनाने में सुरक्षा बलों ने हरसम्भव योगदान दिया। इस आंदोलन के फलस्वरूप पश्चिम रेलवे की 60 उपनगरीय सेवाओं को रद्द करना पड़ा, जबकि 200 से अधिक उपनगरीयसेवाएँ 10 से 15 मिनट देरी से चलीं। हालाँकि इवनिंग पीक आवर के शुरू होने से पहले स्थिति काफी बेहतर हो गई तथा पश्चिम रेलवे कीउपनगरीय सेवाएँ सभी चार लाइनों पर सामान्य रूप से परिचालित हुईं।

यह उल्लेखनीय है कि ट्रेन सं. 12934 कर्णावती एक्सप्रेस तथा12932 मुंबई-अहमदाबाद डबल डेकर एक्सप्रेस पर दोपहर 12.30 बजे के करीब पत्थरबाजी होने के बावजूद पश्चिम रेलवे के लोको पायलटोंएवं गार्डों ने बिना रुके ट्रेनें चलाना जारी रखा। मुंबई पहुँचने वाली तथा मुंबई से छूटने वाली लम्बी दूरी की किसी भी ट्रेन को न तो री-शिड्यूल्ड किया गया और ना ही किसी ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। श्री भाकर ने बताया कि एसी लोकल ट्रेन की प्रात:कालीन 4 सेवाओंको निर्धारित समय पर चलाया गया, पर उसके बाद विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए तथा एसी लोकल के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षाको ध्यान में रखते हुए इसके रेक को मुंबई सेंट्रल कारशेड में भेज दिया गया तथा इस ट्रेन की शेष आठ सेवाएँ रद्द कर दी गईं।




मा. सुबाष मौर्य मा.अच्छेलाल मौर्य मा. सुरेश मौर्य मा. अशोक मौर्य मा. नवनीत मौर्य मा. दिनेश बागुल मा. ओमप्रकाश डॉ. चंद्रकांत पाटील मा.राधेश्याम मौर्य

एकीकरण एवं जागरूकता अभियान

ग्रामसभा/वार्ड स्तरीय टीम का गठन

दिन: रविवार,दिनांक: 14 जनवरी-2018, समय: सायं 4:00 -8:00 बजे तक

हमारी आवाज बनेगी,भारत की आवाज

हम मिलकर बनायेंगे अपने,सपनों का भारत-अखंड भारत

हम मिलकर करेंगे, अपनी हर समस्या का समाधान !

आज ही हमसे जुड़ें ! सिर्फ मिस्ड कॉल करें 8076615402

आइये, हम सबमिलकर अखंड भारत की नीव पुन: रखें

सभी क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं !

कार्यक्रम स्थल: ग्रामसभा सिरकिना, सिंगरामऊ-महुली मार्ग बौद्ध विहार के समीप, बदलापुर, जौनपुर, उत्तरप्रदेश

सम्पर्कसूत्र: 8200090286/ 9891367219 9322986911/ 9819506427

SPYFI-INDIA always with you!

मुख्य अतिथि मा. आर. पी. द भारतीय (अखंड भारत) राष्ट्रीय अध्यक्ष PH-9718554504/9891367219




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा तासीलोक पब्लिकेशन 152,153 श्री राम इंडस्ट्रीयल एरिया पांडेसरा सूरत 394210 से मुद्रत, एवं 4 ओ-ब्लाक आगम नवकार कॉम्पलेक्ष सचीन रेल्वे स्टेश के पास, सूरत, जि. सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **Tc.No. : GUJHIN00722**, E-mail: krantisamay@gmail.com